गुरुग्राम
बुधवार
22 मार्च, 2023
वर्ष 11, अंक 79
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com

नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना से सुख और समृद्धि की होती है प्राप्ति

# अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में निःशुल्क थैलेसीमिया जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में महाविद्यालय की यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, फरीदाबाद इंडिया के सहयोग से निःशुल्क थैलेसीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी का इस तरह के शिविरों के आयोजन की पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं द्य फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी श्री रविंद्र डुडेजा जी ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके




बच्चे के थैलेसीमिया ग्रसित होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा द्य उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी द्य थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है द्य शिविर के आयोजन में फाऊंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान श्री हरीश रतरा, मेंबर श्री जे.के. भाटिया व कोषाध्यक्ष श्री नीरज कुकरेजा जी का भी सहयोग रहा द्य शिविर में विशेष सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों को शिवालिक सी एस आर फाऊंडेशन के द्वारा टी-शर्ट वितरित की गईं द्य गौरतलब है कि शिविर में 153 विद्यार्थियों ने जांच कराईं द्य शिविर का आयोजन प्राचार्य जी की सद्प्रेरणा से हुआ व इसमें महाविद्यालय के यूथ रैड क्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर श्रीमती पूजा, श्री सुभाष कैलोरिया व श्री लवकेश की विशेष भूमिका रही।